# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class- VI

## Subject- Hindi Third Language

## Topic- मस्ती की पाठशाला ( कहानी )

- Done By-Chitra B


©ISWK

# पाठ – मस्ती की पाठशाला
# (कहानी)







# पाठ परिचय (Introduction)







पाठ में कानन वन के स्कूल 'मस्ती की पाठशाला' के बारे में बताया गया है | जिसमें जंगल के सभी जानवर बहुत ही आनंद से पढ़ते हैं | शिक्षक भालू दादा सभी जानवरों को प्यार से पढ़ाते हैं |




# कहानी के पात्र

अध्यापक – भालू दादा



छात्र – मेंढ़क, बंदर, गधा, सियार, खरगोश, तितली, कुत्ता, कछुआ, हाथी, मधुमक्खी, छिपकली आदि |










# पाठ- मस्ती की पाठशाला

कानन वन में हँसी-ख़ुशी का माहौल देखकर आस-पास के जंगलवासी हैरान हो जाते थे | कानन वन में खुशियों का स्कूल (मस्ती की पाठशाला) खुल गया था | सभी माता–पिता अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजने लगे | बच्चे हँसते–हँसाते, उछलते-कूदते स्कूल जाते थे |



## शब्दार्थ

वन- जंगल forest,
हँसी-ख़ुशी- आनंद happily,
माहौल - वातावरण atmosphere,
जंगलवासी- जंगल में रहने वाले, Wild animals
हैरान- आश्चर्य surprized
उछलते-कूदते = Jumping



एक दिन अध्यापक भालू ने उनसे कहा, “एक साल हो गया है | अब तुम्हारी परीक्षा होगी |”



तब मेंढ़क ने भालू से पूछा, “सर ! परीक्षा, यह क्या होती है ?”

भालू ने समझाते हुए कहा, “मैं पढ़ाता हूँ और आप पढ़ते हैं | अब समय आ गया है कि सब जान लें कि आप में से किसने, कितना सीखा है | अब आप घर जाइए और परीक्षा की तैयारी कीजिए | कल आप सबकी परीक्षा होगी |”



सभी बच्चे चिंता करने लगे | मस्ती की पाठशाला एक झटके में डर की पाठशाला बन गई | कोई भी रात भर सो नहीं सका |

अध्यापक-Teacher एक साल-One year परीक्षा- Exam मेंढ़क – Frog
समझाना- Explain पढ़ाना- to teach समय–time तैयारी-Preparation
किसने-Who कितना- how much सीखा-Learned कल- Tomorrow
चिंता-Worry एक झटके- A stroke डर की पाठशाला-School of fear



अगले दिन भालू जी मुसकराते हुए आए | उन्होंने दीवार और पीपल के पेड़ की तरफ़ इशारा करते हुए कहा, “इस दीवार पर और इस पेड़ पर जो चढ़ेगा, वह प्रथम माना जाएगा |” बंदर, गधा और सियार उछलते ही रह गए  | छिपकली झट से दीवार पर चढ़ गई | उड़ने वाले पक्षी भी पेड़ की डालियों पर बैठ गए | हिरन, मेंढ़क जैसे जानवर कुछ नहीं कर सके |



फिर भालू ने कहा, “जो सौ तक गिनती पूरी होने से पहले मैदान के चार चक्कर लगाएगा, वही प्रथम माना जाएगा |” सभी दौड़ने लगे | खरगोश, कुत्ता आगे-आगे, कछुआ सबसे पीछे |




इसके बाद भालू ने कहा, “मैदान के किनारे पड़ा बड़ा–सा पत्थर जो हटा देगा वह भी प्रथम माना जाएगा |” सबने कोशिश की लेकिन कोई भी पत्थर को हिला न सका | हाथी झूमता हुआ आया और पत्थर को सूँड़ से धकेल दिया | सब यह देखकर हैरान रह गए |

तभी मधुमक्खी गुस्से से बोली, “मैं इस परीक्षा का बहिष्कार करती हूँ | ऐसी पढ़ाई से तो अनपढ़ रह जाना ही अच्छा है जिसमें बराबरी की भावना न हो |”

तितली बोली, “मैं भी इस परीक्षा का विरोध करती हूँ |” बाद में सभी पशु-पक्षी इस परीक्षा का विरोध करने लगे और मैदान छोड़कर भाग गए | कानन वन का स्कूल बंद हो गया | सभी प्रकृति और अपने अनुभवों से सीखने लगे |












बहिष्कार- Reject / Boycott
अनपढ़- Illiterate
बराबरी- equality
भावना- Feelings
विरोध- against
प्रकृति- Nature
अनुभव- experience

# शब्दार्थ – Word Meaning

हँसी-खुशी - आनंद (happily)
माहौल - वातावरण (atmosphere)
हैरान - आश्चर्य (surprized)
आनंद - खुशी ( Pleasure )
बदलाव - परिवर्तन ( Change )
ताँता - पंक्ति ( Queue )
रातभर - पूरी रात ( over Night )
चक्कर - चारों तरफ़ घूमना ( Round )
सूँड़ - हाथी की नाक ( Trunk )
अनपढ़ - बिना पढ़ा लिखा ( illiterate )
विरोध - प्रतिरोध ( Objection )
अनुभव - महसूस ( Experience)


धमाचौकड़ी - शोर-शराबा ( Horseplay )
वनवासी - वन में रहनेवाला ( A person who lives in forest)
उल्लास - प्रसन्नता ( Joy, Cheerful)
व्यवहार - आचरण ( Behaviour )
माता-पिता - माँ- बाप ( Parents )
परीक्षा - जाँच ( Examination )
शाखा - डाली ( Branch )
गिनती - गणना ( Counting )
बहिष्कार - विरोध ( Reject / Boycott )
सहभागिता - साझेदारी ( Participation )
प्रकृति - कुदरत ( Nature )
आसपास - निकटतम ( All around )





# अभ्यास (*Exercises*)

*textbook* में कीजिए |



1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. कहाँ पर हँसी-ख़ुशी व धमा -चौकड़ी का माहौल था ?

सुंदर वन में | नंदन वन में | कानन वन में | मधुवन में

ख. किसके डर से सभी हँसना-गाना भूल गए ?

शेर के | परीक्षा के | माता-पिता के | भालू के

ग. परीक्षा का बहिष्कार सबसे पहले किसने किया ?


मधुमक्खी ने | चूहे ने | बंदर ने | हाथी ने

क. कानन वन में
ख. परीक्षा के
ग. मधुमक्खी ने



## 2. किसने कहा ? किससे कहा ? (who said to whom ? )

textbook में कीजिए |

| | किसने कहा ? | किससे कहा ? |
|---|---|---|
| क. " एक साल हो गया है । अब तुम्हारी परीक्षा होगी |" | भालू ने  | सभी पशु-पक्षियों से कहा |
| ख. "परीक्षा ! यह क्या होती है ?" | मेंढ़क ने  | भालू से कहा |
| ग. "परीक्षा यही मैदान में होगी |" | भालू ने  | सभी पशु-पक्षियों से कहा |
| घ. "मैं इस परीक्षा का बहिष्कार करती हूँ |" | मधुमक्खी ने  | भालू से कहा |









Note book
में कीजिए |

3. सही ( √ ) गलत ( X ) बताइए |



i) कानन वन में दुःख व उदासी का माहौल था| ( X )

ii) कानन वन में हँसी-ख़ुशी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान हो जाते थे| (√ )

iii) मस्ती की पाठशाला मुम्बई में खुली| ( X )

iv) भालू मस्ती की पाठशाला का अध्यापक था| (√ )

v) हाथी मस्ती की पाठशाला का प्रिंसिपल था| ( X )

vi) जंगल के सभी जानवर पाठशाला में ख़ुशी से जाते थे | ( √ )

vii) भालू ने परीक्षा की घोषणा की | ( √ )

viii) परीक्षा का नाम सुनकर सभी खुश हो गए | ( X )




व्याकरण

# संज्ञा Noun

Note book में कीजिए |

1. संज्ञा शब्द रेखांकित कीजिए | ( उत्तर )

| | |
|---|---|
| i राघव पुस्तक पढ़ रहा है \| | राघव, पुस्तक |
| ii बुर्ज खलीफ़ा एक बड़ी इमारत है \| | बुर्ज खलीफ़ा, इमारत |
| iii ताजमहल की सुंदरता देखते ही बनती है \| | ताजमहल, सुंदरता |
| iv अध्यापक कुर्सी पर बैठे हैं \| | अध्यापक, कुर्सी |
| v आज बहुत गरमी हैं \| | गरमी |
| vi रतन आज विद्यालय नहीं गया \| | रतन, विद्यालय |





# विशेषण
## Adjective

Note book में कीजिए |

2. दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटिए |

i मोहन ने नया खिलौना खरीदा |

ii शालू ईमानदार लड़की है |

iii बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं |

iv वह ताज़ी सब्ज़ियाँ लाया है |

v मेरी कक्षा में चालीस विद्यार्थी हैं |

Vi खेत के पीछे बड़ा तालाब है |

( उत्तर )

i नया


ii ईमानदार


iii रंग-बिरंगे

iv ताज़ी

v चालीस

Vi बड़ा







# वाक्यांश

Note book में कीजिए |

3. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए | ( उत्तर )

| | |
|---|---|
| i गाँव में रहने वाला - | ग्रामीण |
| ii लेख लिखने वाला - | लेखक |
| iii साथ पढ़ने वाला – | सहपाठी |
| iv नाव चलाने वाला – | नाविक |
| v जो दिखाई न दे - | अदृश्य |
| vi जो प्रतिदिन हो - | दैनिक |
| vii आलस करने वाला - | आलसी |





# मुहावरे

# Idioms

मुहावरा --- ऐसा वाक्यांश जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करे उसे मुहावरा कहते हैं।

मुहावरा - नाक में दम करना

अर्थ- परेशान कर देना |



मुहावरा- दुम दबाकर भागना

अर्थ- डरकर भाग जाना |




# मुहावरे


Note book में कीजिए |

दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए |

| मुहावरे | अर्थ |
|---|---|
| i आँख लगना – | a) सहायता करना |
| ii नौ-दो ग्यारह – | b) व्यर्थ में हँसना |
| iii पेट में चूहे कूदना – | c) सो जाना |
| iv दाँत खट्टे करना – | d) भूख लगना |
| v हाथ बँटाना – | e) बुरी तरह हरा देना |
| vi दाँत दिखाना – | f) मना करना |
| vii अँगूठा दिखाना – | g) भाग जाना |

उत्तर = i- c , ii- g, iii- d, iv- e, v- a, vi- b, vii- f





# प्रश्नोत्तर



क. कानन वन के आस-पास के वनवासी हैरान क्यों थे ?

उत्तर= कानन वन में हँसी-ख़ुशी और धमा-चौकड़ी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान थे ।

ख. मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला कैसे बन गई ?

उत्तर= परीक्षा का नाम सुनकर मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला बन गई ।

ग. परीक्षा में भालू ने पशु-पक्षियों को क्या-क्या करने को कहा ?


उत्तर= परीक्षा में भालू ने पशु-पक्षियों को कई कार्य करने को कहे ; जैसे– दीवार और पेड़ पर चढ़ना, सौ तक गिनती पूरी होने से पहले मैदान के चार चक्कर लगाना तथा मैदान से बड़ा पत्थर हटाना आदि ।


घ. परीक्षा का परिणाम क्या हुआ ?

उत्तर= सभी पशु – पक्षियों ने परीक्षा का विरोध किया जिसका परिणाम यह निकला कि कानन वन का स्कूल बंद हो गया।अब कोई स्कूल नहीं जाता था।सब प्रकृति से और अपने अनुभवों से सीखने लगे।

ड. सबने परीक्षा का बहिष्कार क्यों किया ?

उत्तर= परीक्षा में गैर – बराबरी की भावना विकसित होने के कारण सबने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया।






Thank
You